सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी (राज.) -333031

सं. 5-2(11)/2023-स्था. दिनांक 13/06/2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- **बाह्य रोगी विभाग (OPD) मे सीजीएचएस दरों तथा अन्त: रोगी विभाग (IPD) मे सीजीएचएस दरों पर कैशलैस चिकित्सा सुविधा हेतु ओ.पी. जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर एण्ड कार्डियक रिसर्च, हिसार तथा एन.सी. जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल केयर एण्ड रिसर्च, हिसार से अनुबंध के संबंध में।**

सभी संबंधितों की सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि संस्थान में सेवारत कार्मिकों एवं पेंशनरों तथा उनके आश्रितों के उपचार हेतु बाह्य रोगी विभाग (OPD) में सीजीएचएस दरों तथा अन्त: रोगी विभाग (IPD) में सीजीएचएस दरों पर कैशलैस चिकित्सा सुविधा हेतु ओ.पी. जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर एण्ड कार्डियक रिसर्च, हिसार तथा एन.सी. जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल केयर एण्ड रिसर्च, हिसार से तीन वर्षो की अवधि के लिए दिनांक 08/06/2023 को अनुबंध किया गया है।

संस्थान में कार्यरत कार्मिक बाह्य रोगी विभाग (OPD) हेतु सीरी डिस्पेंसरी के आवासीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किया गया रेफरल पर्चा व अपना पहचान–पत्र दिखा कर सीजीएचएस सुविधा/दरों का लाभ ले सकेंगे। अन्त: रोगी विभाग (IPD) के मामले में (आपातकालीन स्थिति को छोडकर) कैशलैस चिकित्सा सुविधा हेतु प्रत्येक सहकर्मी व पेंशनर संबंधित रोगी हेतु सीरी डिस्पेंसरी के आवासीय चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किया गया रेफरल पर्चा व संस्थान द्वारा ओ.पी. जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर एण्ड कार्डियक रिसर्च, हिसार / एन.सी. जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल केयर एण्ड रिसर्च, हिसार को संबोधित अनुमति पत्र से अस्पताल से इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। अस्पताल प्रत्येक रोगी (सहकर्मी / पेंशनर तथा उनके आश्रित) के बिल/प्रतिपूरक दावें संस्थान में सीधे प्रस्तुत करेगा। चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे में गैर-स्वीकार्य मदों (यथा पानी की बोतल, हैंड रब, फेस मास्क, प्रसाधन सामग्री इत्यादि) का व्यय संबंधित लाभार्थी द्वारा वहन किया जाएगा। लाभार्थी द्वारा गैर-स्वीकार्य मदों की राशि संस्थान में जमा करवाने के बाद अस्पताल के बिलों/प्रतिपूरक दावों का भुगतान संस्थान द्वारा अस्पताल को किया जाएगा।

श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक (coa@ceeri.res.in; Mobile No. 9123190501, Tel. No. 01596-252300) नोडल अधिकारी (Nodal Officer) के रूप में कार्य करेंगे।

महेन्द्र सिंह 13/06/2023

(महेन्द्र सिंह)
प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपि:

1. ओ.पी. जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर एण्ड कार्डियक रिसर्च, हिसार
2. एन.सी. जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल केयर एण्ड रिसर्च, हिसार
3. निदेशक के निजी सचिव
4. प्रशासन नियंत्रक / प्रशासनिक अधिकारी
5. वित्त एवं लेखा नियंत्रक
6. आवासीय चिकित्सा अधिकारी
7. सूचना पट्ट
8. प्रभारी, एआईटीजी – संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।